राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1266/2023 दिनांकः– 08 अप्रैल, 2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्वन्ध में।

महोदय/महोदया,

स्नातक एवं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न होकर परीक्षाफल भी घोषित किया जा चुका है परन्तु अभी भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नही किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिन महाविद्यालयों द्वारा निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा नही किया गया था उन पर परीक्षा शुल्क के अनुसार अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा चुका है। जिससे भी महाविद्यालयों द्वारा अभी तक जमा नही किया गया है।

स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा, विधि, बी0एड0 एवं अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा दिनांक 03 अप्रैल, 2023 से प्रारम्भ हो चुकी है, जिनका परीक्षा शुल्क भी अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा अभी तक जमा नही किया गया है जिस पर मा0 कुलपति जी द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

मा0 कुलपति जी के निर्देशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि लम्वित परीक्षा शुल्क दिनांक 20.04.2023 तक प्रत्येक दशा में जमा करना सुनिश्चित करें। अन्यथा पूर्व की भॉति रू0 पॉच लाख तक लम्वित परीक्षा शुल्क वाले महाविद्यालयों पर रू0 5,00,00/– (पचास हजार) तथा रू0 पॉच लाख से अधिक परीक्षा शुल्क वाले महाविद्यालयों पर रू0 1,00,000/– (एक लाख) अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा तथा विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में वर्णित व्यवस्था के अन्तर्गत अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय,

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा/अलीगढ़।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव

V letter